भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1883

(दिनांक 11.02.2026 को उत्तर देने के लिए)

न्यू मीडिया विंग

1883. श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः

श्री सौमित्र खानः

श्री तेजस्वी सूर्याः

श्री विजय बघेलः

श्री प्रदीप कुमार सिंहः

श्री महेंद्र सिंह सोलंकीः

श्री दिनेशभाई मकवाणाः

श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलालः

श्री विनोद लखमशी चावड़ाः

श्री योगेन्द्र चांदोलियाः

श्री जुगल किशोरः

श्री चंदन चौहानः

डॉ. संजय जायसवालः

श्री आलोक शर्माः

श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः

श्री मनोज तिवारीः

श्री प्रवीण पटेलः

श्री भर्तृहरि महताबः

श्रीमती कमलजीत सहरावतः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) का उद्देश्य डिजिटल मंचों और ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स के साथ जुड़ाव को सुदृढ़ करना है;

(ख) यदि हां, तो सोशल मीडिया मंचों और डिजिटल मध्यस्थों के साथ परिकल्पित समन्वय की प्रकृति क्या है;

(ग) क्या यह विंग विशेषकर मध्य प्रदेश के देवास-शाजापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में बंगला जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में सूचना के प्रसार पर ध्यान केंद्रित करेगी; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में किए गए उपाय क्या हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (घ): न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के लिए एक सूचना-सेवा एवं प्रसार इकाई के रूप में कार्य करता है। इसकी स्थापना फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि जैसे प्लेटफार्मों पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से सरकार की पहल/नीतियों के प्रसार हेतु की गई है।

एनएमडब्ल्यू विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सरकार की प्रोफाइल को एकीकृत करता है। यह सोशल प्लेटफार्मों पर संचार के एकीकरण से संबंधित कार्य करता है तथा सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक, भाषाई विविधता के अनुरूप संदेशों का निर्माण करता है। एनएमडब्ल्यू का उद्देश्य सरकार की उपस्थिति को सुनिश्चित करना तथा सोशल मीडिया के माध्यम का उपयोग करने वाले नागरिकों के साथ प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित करना है, जो कि बंगाली सहित सभी प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में तथा मध्य प्रदेश के देवास-शाहजहांपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में उपलब्ध है।

****